अंतर्राष्ट्रीय चीनी संगठन की 64वीं परिषद बैठक

स्रोत: पी.आई.बी.

भारत नें जून 2024 में नई दिल्ली में **64वीं** अंतर्राष्ट्रीय चीनी संगठन (ISO) परिषद बैठक की मेज़बानी की।

- बैठक में **"चीनी और जैव ईंधन-उभरते परिदृश्य" (Sugar and Biofuels-Emerging Vistas)** विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें अंतर्राष्ट्रीय प्रतिनिधियों, भारतीय चीनी मिल अधिकारियों, उद्योग संघों और तकनीकी विशेषज्ञों ने भाग लिया।
- इसमें **वैश्विक चीनी सेक्टर के भविष्य, जैव ईंधन, संधारणीयता और किसानों की भूमिका** पर चर्चा की गई।
- भारत विश्व में **चीनी का सबसे बड़ा उपभोक्ता** और ब्राज़ील के बाद **दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक** देश है।
- **गन्ना** विश्व में **इथेनॉल** उत्पादन (मकई के बाद) के लिये दूसरा सर्व प्रमुख फीडस्टॉक है।

ISO:

- ISO, संयुक्त राष्ट्र (UN) से संबद्ध निकाय है जिसका मुख्यालय **लंदन** में स्थित है।
- इसके **सदस्य देशो की संख्या 85** है जिनका **कुल वैश्विक चीनी उत्पादन में 90% योगदान** हैं और इसका कार्य प्रमुख **चीनी उत्पादक, उपभोक्ता तथा** इसका **व्यापार** करने वाले देशों को एक साथ लाना है।
- **ISO** के कई सदस्य देश ग्लोबल बायोफ्यूल अलायंस का भी हिस्सा हैं और यह गठबंधन का विस्तार करने तथा जैव ईंधन को बढ़ावा देने के लिये एक अन्य मंच की भूमिका निभा सकता है।

और पढ़ें: भारत में गन्ना उत्पादन, चीनी उद्योग

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/64th-international-sugar-organization-council-meeting